बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सप्तदश बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक- 23 नवम्बर, 2020 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27 नवम्बर 2020 तक बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल, पटना में चलने का कार्यक्रम है । इस दौरान 23 एव 24 नवम्बर, 2020 को माननीय सदस्यों के शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान के पश्चात् दिनांक 25 नवम्बर, 2020 को अध्यक्ष, बिहार विधान सभा का निर्वाचन होगा । सत्र के दौरान प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा । साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी http://webcast.gov.in/biharvs तथा www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखा जा सकता है । डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केंद्र, पटना से सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण किया जायेगा ।

नव निर्वाचित माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में शपथ ग्रहण के लिए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के साथ बिहार विधान सभा में उपस्थित होने की कृपा करें ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं करें । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

राज कुमार सिंह
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।